शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

गुरुवार 26 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 299 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan





@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### एअर इंडिया की फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर खड़ी

**मुंबई।** एअर इंडिया की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट एआई1851 पिछले 45 मिनट से मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर खड़ी है। यात्रियों को कोई अपडेट नहीं मिल रही है। फ्लाइट का डिपार्चर टाइम दोपहर 3 :25 था, लेकिन फ्लाइट अभी भी रनवे पर है।

### सीपीआई के सीनियर लीडर आर. नल्लाकन्नू का 101 की उम्र में निधन

**चेन्नई।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के सीनियर लीडर आर. नल्लाकन्नू का बुधवार को निधन हो गया। नल्लाकन्नू 101 साल के थे। वे पिछले 22 दिनों से चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती थे। सोमवार को उनकी हालत बिगड़ गई थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात की थी। नल्लाकन्नू कम्युनिस्ट आंदोलन के सबसे बड़े नेता माने जाते थे।

### कोयंबटूर कोर्ट कॉम्पलेक्स को बम से उड़ाने की धमकी

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर कोर्ट कॉम्पलेक्स और ज्यूडिशियरी ट्रेनिंग सेंटर को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई। पुलिस ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई थी। इससे शहर भर में लोगों के बीच डर फैल गया। बम निरोधक दस्ते ने खोजी कुत्तों और मेटल डिटेक्टरों की मदद से कोर्ट कॉम्पलेक्स और ज्यूडिशियरी ट्रेनिंग सेंटर की तलाशी ली।

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों का जॉइंट ऑपरेशन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने बुधवार को जॉइंट ऑपरेशन चलाकर आतंकियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। भारतीय सेना की रोमियो फोर्स और स्ह्लत्र ने गनी गांव में एक गुफा से आतंकियों के हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बल लगातार एक्शन में हैं। बीते 20 दिनों में जम्मू क्षेत्र के अलग-अलग ऑपरेशनों त्राशी-द्व और चद्वद्ध में 6 आतंकियों को मार गिराया जा चुका है।


**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433


# बरसाना में सखियां ने हुरियारों पर बरसाए लट्ठ

## लट्ठ खाने के बाद सखियों के पैर छू रहे ; हर तरफ गुलाल उड़ रहा



राष्ट्रबाण | मथुरा | एजेंसी | rashtrabaan.in

**मथुरा** के बरसाना में बुधवार को लट्ठमार होली खेली जा रही है। राधा बनी सखियां कृष्ण रूपी हुरियारों पर जमकर लट्ठ बरसा रही हैं। हुरियारे ढाल से अपना बचाव कर रहे हैं। हुरियारों का कहना है कि लट्ठ खाने में बहुत आनंद आता है।

बरसाना की गलियां भक्तों से भरी पड़ी हैं। हर तरफ अबीर-गुलाल दिखाई दे रहा है। अबीर गुलाल से रंगे भक्त ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूम रहे हैं। होली के गीत गा रहे हैं।

इससे पहले सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसवालों के साथ महिलाओं ने लट्ठमार होली खेली। नंदगांव से आए हुरियारे भगवान कृष्ण स्वरूप ध्वजा श्रीजी मंदिर ले गए। यहां राधा रानी के चरण स्पर्श कराने के बाद रंगीली गली में होली गीतों पर हुरियारने और हुरियारिनों के बीच जमकर नृत्य हुआ।

इसके बाद हुरियारिनें लट्ठ लेकर हुरियारों पर टूट पड़ी। हुरियारे जहां एक तरफ खुद को लट्ठ से बचाते नजर आए, वहीं दूसरी तरफ हुरियारिने उन्हें एक के बाद एक करके लट्ठ मारती रहीं। इस लट्ठमार होली को देखने और खेलने के लिए 20 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे हैं। इनमें विदेशी टूरिस्ट भी शामिल हैं। प्रशासन के मुताबिक, सुरक्षा के लिहाज से 4500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, पीएसी और एंटी रोमियो टीम तैनात की गई है। इससे पहले मंगलवार को राधारानी (लाड़लीजी) मंदिर में लड्डूमार होली खेली गई थी।

### लट्ठमार होली इसलिए खास

बरसाना राधा रानी का जन्मस्थान है। नंदगांव यानी श्रीकृष्ण का जहां बचपन बीता, वहां के हुरियारे 8किमी दूर बरसाना में लट्ठमार होली खेलने आते हैं। कुंज और रंगीली गलियों से होते हुए करीब 3किमी तक पैदल चलते हैं। गलियों में दोनों तरफ खड़ी हुरियारने लाठियां मारती हैं। इनसे बचने के लिए हुरियारे ढाल का सहारा लेते हैं। ऐसी मनोरम और वर्ल्ड फेमस होली देखने के लिए हर साल बड़ी संख्या में टूरिस्ट मथुरा-वृंदावन पहुंचते हैं।

#### हुरियारिन बोली- लट्ठमार होली खेलना हमारा भाग्य

हुरियारिन ने बताया- ये तो हमारा भाग्य है कि हम लट्ठमार होली खेल रहे हैं। मेरी कई पीढ़ियां निकल गईं। ऐसा लग रहा है कि मैं श्रीजी के साथ आई हूं। भगवान कृष्ण के सखा हमारे साथ होली खेल रहे हैं।

# 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीक से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में Ullu-ALTT समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे।

# 9 साल बाद इजराइल पहुंचे मोदी

## इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर रिसीव किया ; आज संसद को संबोधित करेंगे



राष्ट्रबाण | तेलअवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया।

पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं।

# ओडिशा माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले, नोट गिनने की मशीनें लाना पड़ीं

## 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था

राष्ट्रबाण | कटक | एजेंसी | rashtrabaan.in

**ओडिशा** विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्ट (माइंस) देबब्रत मोहंती के घर से 4.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मोहंती को लाइसेंसी कोयला व्यापारी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह कोयला डिपो को बिना रुकावट चलाने और काम आसान करने के बदले रिश्वत ले रहा था। यह ट्रैप



ऑपरेशन ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद किया था।

### अलमारियों में नोटों के ढेर मिले

गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापे मारे। विभाग ने मठासाही में मोहंती के पैतृक घर और भुवनेश्वर के पाटिया इलाके वाले फ्लैट पर छापा मारा। भुवनेश्वर वाले फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा, उसके ऑफिस से ज़1.20 लाख नकद भी बरामद हुए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी काउंटिंग मशीनें लाई गईं।

# 'नेता-अफसर समुदाय विशेष को टारगेट नहीं कर सकते'

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- धर्म या जाति के आधार पर बदनाम करने का अधिकार नहीं

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे नेता-अफसर किसी समुदाय को धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर निशाना नहीं बना सकते। ऐसा करना संविधान के खिलाफ है। किसी भी माध्यम से समुदाय को बदनाम नहीं करने दे सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने फिल्म घूसखोर पंडत पर 19 फरवरी को सुनवाई की थी। ये टिप्पणियां जस्टिस भुइयां ने आगामी नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर 'घूसखोर पंडित' की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग फैसले में कही थीं। कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आने के बाद बुधवार को जानकारी सामने आई है।

इस दौरान उन्होंने कहा था, संविधान के अनुसार राज्य या गैर-राज्य अभिनेता सहित कोई भी व्यक्ति भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य कला जैसे किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। फिल्म निर्माता नीरज पांडे के हलफनामे को रिकॉर्ड में लेकर याचिका खत्म कर दी थी। अदालत ने उम्मीद जताई थी कि विवाद अब खत्म हो जाएगा। जस्टिस भुयान ने अपने 39 पन्नों के अलग फैसले में कहा कि संविधान की प्रस्तावना में सभी नागरिकों के बीच भाईचारा बढ़ाने और देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का वादा किया गया है।

# फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक नहीं




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि फिल्म के नाम में ऐसा कोई शब्द नहीं है, जिससे यादव समाज की छवि खराब होती हो। विश्व यादव परिषद ने याचिका में कहा था कि फिल्म का नाम यादव समाज को गलत तरीके से दिखाता है। साथ ही फिल्म में यादव समाज की एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के की प्रेम कहानी दिखाई गई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान पूछा, 'क्या किसी हिंदू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी सामाजिक ताना-बाना तोड़ती है? '

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई : गाजा सीजफायर बड़ी जीत

## वेनेजुएला नया दोस्त ; ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

राष्ट्रबाण | वॉशिंगटन डीसी | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया।

ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।

### ट्रम्प के भाषण की बड़ी बातें...



**ईरान को चेतावनी :** ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**भारत- पाकिस्तान संघर्ष पर दावा :** ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

**गाजा संघर्ष विराम :** ट्रम्प ने गाजा में इजराइल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजराइली बंधक रिहा हो गए।

**महंगाई और ऑयल प्रोडक्शन :** ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।

# शंकराचार्य बोले- हिंदुत्व खतरे में है :सिर्फ ड्रेस पहनकर खुद को हिंदू बता रहे

## प्रयागराज पुलिस ने काशी में डेरा जमाया

राष्ट्रबाण | वाराणसी | एजेंसी | rashtrabaan.in

**शंकराचार्य** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण मामले में स्न्नद्धक्र दर्ज होने के बाद प्रयागराज पुलिस पिछले 3 दिन से वाराणसी में डेरा डाले है। पुलिस उनसे पूछताछ कर सकती है, लेकिन अभी तक आश्रम नहीं पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस फिलहाल शंकराचार्य से जुड़े सबूत जुटाने में लगी है।



मामला हाई-प्रोफाइल होने से पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है। माना जा रहा है, पूरी तैयारी और होमवर्क के बाद ही पुलिस शंकराचार्य या उनके शिष्यों से पूछताछ करेगी।

उधर, बुधवार को शंकराचार्य ने एक बार फिर मीडिया से बात की। कहा- हिंदुत्व खतरे में है। जब केवल ड्रेस पहनकर लोग खुद को हिंदू बताने लगेंगे और बार-बार हिंदू-हिंदू कहेंगे, तो हिंदू को खतरा होना स्वाभाविक है। हिंदुत्व को हिंदुओं के बीच घुस आए ऐसे लोगों से खतरा है, जो वास्तव में हिंदू नहीं हैं। दिखावे के लिए खुद को हिंदू बताते हैं।

उन्होंने कहा- एक-डेढ़ महीने से कहा जा रहा है कि और भी छात्रों का यौन शोषण हुआ है। अगर ऐसा है, तो बाकी लोगों को क्यों बचाकर रखा गया है? अगर किसी के साथ अन्याय हुआ है और सिर्फ दो लोगों से मुकदमा दर्ज कराया गया है, तो इससे पता चलता है कि इसके पीछे साजिश है। जब उन्हें मुफीद होगा, तब उन्हें पेश किया जाएगा।


## सीजेआई ने कहा था- न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं

# 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली किताब की बिक्री पर रोक

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एनसीईआरटी के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से इसकी पुष्टि की। वहीं न्यूज एजेंसी ने बताया कि एनसीईआरटी किताब से विवादित हिस्सा हटाया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, एनसीईआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की




इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था।

सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं।

इसपर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है।

### शासन के तीनों अंगों को जोड़ना चाहिए था

एनसीईआरटी चेयरमैन दिनेश प्रसाद सकलानी का इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं आया है। काउंसिल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामला अब कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोंलेंगे। इस बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि भले ही एनसीईआरटी एक ऑटोनॉमस संस्था है, लेकिन चैप्टर जोड़ने से पहले अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल करना था, तो उसमें शासन के तीनों अंगों- कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को भी जोड़ा जाना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 26 जुलाई 2025

# बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

# 15 दिन पहले सगाई, अब उठी अर्थी

## बैतूल में यस बैंक कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत; अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



बैतूल में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी बैंक (यस बैंक) के कर्मचारी 32 वर्षीय आशीष रावन्दे की मौत हो गई। चिचोली से बाइक से अपने गांव धामोरी लौटते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें बैतूल से भोपाल एम्स रेफर किया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सबसे दुखद पहलू यह है कि महज 15 दिन पहले ही आशीष की सगाई हुई थी और पूरा परिवार उनकी शादी की तैयारियों में जुटा था। जानकारी के अनुसार, आशीष मंगलवार शाम चिचोली से अपनी बाइक पर सवार होकर गृहग्राम धामोरी लौट रहे थे। इसी दौरान हिवरखेड़ी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने खून से लथपथ आशीष को सड़क पर देखा और तत्काल एंबुलेंस बुलाकर बैतूल जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें देर रात भोपाल रेफर कर दिया, लेकिन भोपाल एम्स पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### शादी की खुशियों के बीच घर में पसरा मातम

इस दुखद घटना के बाद से मृतक के परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने बताया कि आशीष चिचोली स्थित यस बैंक में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। महज 15 दिन पहले ही भोगी टेढा गांव में उनकी सगाई हुई थी। घर में नई बहू के आने और शादी की खुशियों को लेकर दोनों परिवार तैयारियों में लगे हुए थे, लेकिन इस हादसे ने पल भर में सारी खुशियां छीन लीं।

### पुलिस ने दर्ज किया केस, अज्ञात वाहन की तलाश शुरू

बुधवार को भोपाल एम्स से शव वापस बैतूल जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# मध्यप्रदेश विधानसभा में उठा बैतूल का फर्जी प्लॉटिंग का मामला, विधायक बोले–अब तक क्या कार्रवाई हुई

## मंत्री ने कहा–गिरफ्तारी के प्रयास जारी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

बैतूल जिले के मुलताई क्षेत्र में कॉलोनाइजर द्वारा कथित रूप से सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने का मामला बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में उठाया गया। मुलताई के विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने सरकार से इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। विधायक ने विधानसभा में सवाल उठाते हुए पूछा कि रामदेव बाबा बार्को डेवलपर्स एंड कॉलोनाइजर्स के खिलाफ मिली शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या इस मामले में राजस्व, पुलिस या नगर प्रशासन के किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है।



### मंत्री ने कहा- गिरफ्तारी के प्रयास जारी

सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि 1 सितंबर 2024 को मुलताई थाने में अपराध क्रमांक 639/24 दर्ज किया गया था। मामला धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़ा है। मंत्री ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीमों ने नागपुर, अमरावती सहित अन्य स्थानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी अब तक फरार हैं।

### मामला कोर्ट में विचाराधीन

सरकारी जवाब में यह भी बताया गया कि संबंधित कॉलोनाइजर ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। सरकार ने स्पष्ट किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आगे की जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट पेश की जाएगी। अभी तक किसी अधिकारी की लापरवाही की पुष्टि नहीं हुई है।

# लूट की तीन वारदातों का खुलासा, चार नाबालिग गिरफ्तार

## बैतूल में बाइक पर घूमकर राहगीरों से लूटपाट करते थे आरोपी, मोबाइल–नकदी बरामद




बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

बैतूल कोतवाली पुलिस ने लूट की तीन अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए चार नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन घटनाओं में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की है। ये वारदातें 20 जनवरी, 30 जनवरी और 9 फरवरी को हुई थीं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए नाबालिग आरोपी मोटरसाइकिल पर घूम-घूमकर राहगीरों से मोबाइल फोन, नकदी और वाहन छीनने की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और उन्हें त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ा। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए चार नाबालिगों में से दो के खिलाफ पहले से हत्या के मामले दर्ज हैं।

### यह हुई थीं चोरी की वारदात

पहली घटना 20 जनवरी को लक्की ढाबा के पास हुई थी, जहां अथर्व दुबे से मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीना गया। दूसरी वारदात 30 जनवरी को हाईवे फोरलेन पर हुई, जिसमें फुलेसिंह से मोटरसाइकिल, मोबाइल और 150 रुपये लूटे गए। तीसरी घटना 9 फरवरी को टिगारिया से लापाझिरी मार्ग पर हुई, जहां सुरजू से एक बैग और पांच हजार रुपये छीन लिए गए थे।

### टीआई बोले-बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें

इस कार्रवाई में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक उत्तम मस्तकार, उप निरीक्षक वसंत अहाके, प्रधान आरक्षक शिव उईके, प्रधान आरक्षक तरुण पटेल, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, नितिन चौहान, विशाल, दीपेन्द्र सिंह और राजेंद्र धाड़से की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैतूल पुलिस ने अभिभावकों और युवाओं से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें। पुलिस ने उन्हें कानून का पालन करने और सकारात्मक कार्यों में संलग्न रहने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। पुलिस ने यह भी कहा कि किशोरावस्था में की गई आपराधिक गतिविधियाँ बच्चों के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। बैतूल पुलिस आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मजदूरों का आंदोलन, अधिकारों के लिए कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन

## बैतूल में मजदूर संघ ने पेंशन 1000 से 7500 करने और ठेका कर्मियों को स्थायी करने की मांग

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

बैतूल में भारतीय मजदूर संघ से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने बुधवार को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ओडिशा के पुरी में हुए संघ के 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर आधारित था। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि सभी सेक्टरों और श्रमिक वर्गों के लिए श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के समान रूप से लागू किया जाए। संघ ने इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में श्रमिकों की चिंताओं को दूर करने का भी आग्रह किया।



### पेंशन को 1000 रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह हो

भारतीय मजदूर संघ ने त्रिपक्षीय तंत्र के पुनर्गठन की भी मांग की। इसमें इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को तत्काल बुलाने और त्रिपक्षीय समितियों को पुनर्गठित कर नियमित रूप से सक्रिय रखने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त, ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन को 1000 रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रति माह करने और उसमें महंगाई भत्ते को राहत जोड़ने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में ईपीएफ के तहत अनिवार्य अंशदान की वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रति माह करने की मांग की गई है। वहीं, ईएसआईसी कवरेज की सीमा 21,000 रुपये से बढ़ाकर 42,000 रुपये करने का आग्रह किया गया। बोनस भुगतान अधिनियम 1965 में पात्रता और गणना सीमा में बढ़ोतरी की मांग की गई है।

# कृषि कल्याण वर्ष में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने की तैयारी

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य के मद्देनजर पशुपालन विभाग ने ÷क्षीर धारा ग्राम÷ योजना शुरू की है। वर्ष 2026 को 'कृषि कल्याण वर्ष' घोषित किए जाने के परिप्रेक्ष्य में इस योजना को प्राथमिकता से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत बैतूल कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में ÷क्षीर धारा ग्राम योजना÷ के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पशुपालन एवं किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि पशुपालन और कृषि एक-दूसरे के पूरक हैं। दुग्ध उत्पादन में हरित चारे की गुणवत्ता और उपलब्धता निर्णायक भूमिका निभाती है। ऐसे में कृषि विभाग की भूमिका केंद्रीय और निर्णायक होगी।

# चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधार और मरम्मत के दीर्घ कालिक कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं : संभागायुक्त

## संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में बैतूल में संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बैतूल में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथलेश कुमार शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक मधु वी. राज, वन संरक्षक अशोक कुमार, कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेंद्र जैन, पुलिस अधीक्षक हरदा, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, डीएफओ श्री नवीन गर्ग, डीएफओ श्री लक्ष्मीकांत वासनिक सहित बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों के जिला पंचायत सीईओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी ने संभाग के तीनों जिलों में राहवीर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता मिल सके तथा जीवन बचाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन प्राप्त हो। कैशलेस स्कीम और राहत योजना पर विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दिया गया। उन्होंने कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि ऐसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान कर जोनल प्लान तैयार करें, जहां आपातकालीन वाहनों के आवागमन में बाधा आती है। बैठक में तीनों जिलों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स तथा सुधारात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक सुधार एवं आवश्यकतानुसार रिमूवल कार्य किया जाए। संबंधित सड़क निर्माण विभाग आवश्यक प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर आपत्ति

## समाज के लोगों ने रीलीज पर रोक लगाने की मांग की, राष्ट्रपति, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



बैतूल में ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' को लेकर यादव समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। समाज के प्रतिनिधियों ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। मंगलवार शाम को इस मामले में समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा है। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बद्रीप्रसाद यादव के नेतृत्व में समाजजनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फिल्म पर तत्काल रोक और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### पोस्टर और ट्रेलर पर आपत्ति

महासभा के प्रदेश सचिव गंगाप्रसाद यादव ने कहा कि फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर और सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज को एक वर्ग विशेष के संदर्भ में आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उनका कहना है कि इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यादव समाज हमेशा राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक समरसता में अग्रणी रहा है, ऐसे में इस तरह की प्रस्तुति अपमानजनक है।

### 27 फरवरी 2026 को होनी है रिलीज

यह फिल्म 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन अंकित भड़ाना ने किया है। इसमें प्रगति तिवारी, विशाल मोहन और अंकित भड़ाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी सिंपल यादव नाम की युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पहले प्यार वसीम अख्तर से जुड़ी होती है, लेकिन परिवार के दबाव में उसे अभिमन्यु यादव से विवाह करना पड़ता है। प्रेम और सामाजिक दबाव पर आधारित इस कहानी को लेकर ही विवाद खड़ा हुआ है।

### समाज के लोग बोले- निष्पक्ष जांच चाहिए

ज्ञापन में समाज ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने और पूरे मामले की गहन जांच कराने की मांग की है। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर पर भी फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की पहल करने की मांग की गई है।

### देर शाम सौंपा गया ज्ञापन

बताया गया कि ज्ञापन मंगलवार देर शाम कलेक्ट्रेट में सौंपा गया। महासभा ने शाम 5 बजे तक पहुंचने की सूचना दी थी, लेकिन प्रतिनिधि 6 बजे के बाद पहुंचे, जिससे कार्यक्रम का वीडियो नहीं बन सका। जिले में यादव समाज की बड़ी आबादी होने के कारण यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता से निराकरण किया जाए

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक बैतूल में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथलेश कुमार शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक श्री मधु वी. राज, वन संरक्षक श्री अशोक कुमार, कलेक्टर बैतूल श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेंद्र जैन, कलेक्टर हरदा श्री सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक हरदा, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, डीएफओ श्री नवीन गर्ग, डीएफओ श्री लक्ष्मीकांत वासनिक सहित बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों के जिला पंचायत सीईओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम वनमंडल (सामान्य) तथा दक्षिण एवं पश्चिम बैतूल वनमंडलों द्वारा वन अपराध प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन प्रविष्टियाँ की जा रही हैं। वन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से संयुक्त सूची तैयार कर संगठित वन अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि भविष्य में भी वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय से निरंतर कार्यवाही जारी रखें। रामपुर भतोड़ी परियोजना अंतर्गत चोपना परिक्षेत्र में सामूहिक अतिक्रमण के प्रकरणों में वन एवं पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन प्रतिबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण को रोकने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में तीनों जिलों में वन व्यवस्थापन से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 4 के अंतर्गत अधिसूचित वनखंडों में धारा 5 से 19 तक की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए। वन व्यवस्थापन के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए बैतूल जिले की सराहना भी की गई।

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत पूर्व में व्यपवर्तित वन भूमि के बदले वन भूमि अप्राप्त/अतिक्रमित होने के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर के आदेश, हस्तांतरण कार्यवाही तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार बैतूल द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महिला आईटीआई में भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, मध्यवर्ती क्षेत्र (भारत सरकार परमाणु ऊर्जा विभाग) के तत्वाधान में ÷वुमेन इन साइंस विकसित भारत÷ विषय पर क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की भावना तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम परमाणु उर्जा विभाग के वैज्ञानिक अधिकारी श्री विजय कुमार, श्री प्रकाश बेदिया, श्री प्रकाश मुखर्जी, श्री स्मृति रंजन साहू, श्री सतीश चैत्रमशेट्टी एवं संस्था प्राचार्य श्री अजीश पन्द्रे एवं वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी श्री रेवाशंकर पंडाग्रे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



संस्था प्राचार्य श्री अजीश पन्द्रे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वैज्ञानिक अधिकारी श्री विजय कुमार ने छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने, अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने तथा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि आज महिलाएं परमाणु विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही है। श्री प्रकाश बेदिया ने बताया कि आज महिलाएं वैज्ञानिक प्रोफेसर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं रिसर्च हेड के रूप में नेतृत्व कर रही है। चाहे अंतरिक्ष विज्ञान हो, चाहे मिसाइल या रक्षा विज्ञान हो, चाहे चिकित्सा एवं जैव प्रौद्योगिकी का क्षेत्र हो महिलाओं की सक्रिय भूमिका बढ़ते जा रही है। विकसित भारत की संकल्पना साकार करने के लिए आवश्यक है कि बेटियों को स्टेम (साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एवं मैथ्स) शिक्षा से जोड़ना होगा, तो निश्चित ही भारत विश्व में ज्ञान और नवाचार का नेतृत्व करेगा।

### प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

इस अवसर पर आयोजित क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। भाषण प्रतियोगिता में कु. अंकिता काकोड़िया प्रथम, कु. गुंजन नागले द्वितीय एवं कु. ईषा साहू तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में विद्युतकार ट्रेड की टीम प्रथम, इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड की टीम द्वितीय एवं आईसीटीएम ट्रेड की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता एवं टीमों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की विद्युतकार ट्रेड के प्रशिक्षणार्थी भूपेन्द्र गोरले के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी श्री रेवाशंकर पंडाग्रे, श्री कृष्ण कुमार बोबड़े, श्री महेश चौधरी, श्रीमती शारदा साहू सहित समस्त प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# राजधानी राष्ट्रबाण



# आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन, बेहोश होकर गिरी कर्मचारी

ढाई साल का बच्चा भी साथ में; भोपाल के जेपी अस्पताल के बाहर हंगामा, पुलिस-कर्मचारियों में धक्का-मुक्की

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के लगभग 30,000 आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी रेगुलराइजेशन समेत 9-सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। 25 फरवरी 2026 से शुरू हुआ यह प्रदेशव्यापी आंदोलन भोपाल में 'न्याय यात्रा' और सामूहिक हड़ताल के साथ तेज हो गया है। इससे जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। भोपाल के जेपी अस्पताल परिसर में करीब 3 हजार कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर बैरिकेडिंग कर दी गई। सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। प्रदर्शनकारी गेट पर ही नारेबाजी कर रहे हैं।

**महिला कर्मचारी बेहोश होकर गिरी, ढाई साल के बच्चे साथ प्रदर्शन**

वहीं जेपी अस्पताल परिसर में कर्मचारियों की न्याय यात्रा में शामिल एक महिला कर्मचारी बेहोश होकर गिर पड़ी। वह अपने ढाई साल के बच्चे के साथ प्रदर्शन में शामिल होने पहुंची थीं। बच्चे को साथी कर्मचारी संभाल रहे हैं, जबकि मीना को स्वास्थ्य संचालनालय के सामने बने चबूतरे पर लिटाया गया है। प्रदर्शनकारी रेगुलराइजेशन की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विसेज के ऑफिस से मुख्यमंत्री के घर तक न्याय मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन एडमिनिस्ट्रेशन ने उन्हें जगह से बाहर जाने से रोक दिया। एड्स कंट्रोल एम्प्लॉइज यूनियन, जॉइंट डेंगू-मलेरिया एम्प्लॉइज यूनियन, ऑल हेल्थ ऑफिसर्स एम्प्लॉइज फेडरेशन, कॉन्ट्रैक्ट आउटसोर्स्ड हेल्थ वर्कर्स यूनियन और नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।









### काली पट्टी बांधकर जता चुके विरोध, कोई ध्यान नहीं दे रहा

समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि 2 फरवरी से संविदा कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे। इसी वजह से पिछले दो दिनों से कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे थे। उन्होंने कहा कि आज संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं से न्याय यात्रा निकालकर राजधानी में विरोध दर्ज कराया गया है, ताकि उनकी मांगें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंच सकें।

### कैंसर का खतरा, लेकिन अलाउंस सिर्फ 50 रुपए

मध्य प्रदेश रेडियोलॉजी टेक्नीशियन एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट वीरेंद्र राजपूत ने कहा कि सरकारी रेडियोलॉजी टेक्नीशियन को पिछले 35 सालों से रेडिएशन अलाउंस के तौर पर सिर्फ 50 रुपए मिल रहे हैं। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र समेत दूसरे राज्यों में अलाउंस 1,500 से 2,500 रुपये तक है। यह तब है जब लंबे समय तक रेडिएशन के संपर्क में रहने से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अब तक हमारे 20 साथियों की कैंसर से मौत हो चुकी है, और छह मरीज़ों का अभी भी इलाज चल रहा है।

### पुलिस ने उन्हें जबरदस्ती रोका

कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट कोमल सिंह ने कहा, हमने बहुत इंतजार कर लिया। इससे कर्मचारियों में गुस्सा है। बुधवार को जब कर्मचारी न्याय मार्च निकाल रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें जबरदस्ती रोक दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों के साथ हमेशा धोखा हुआ है। सरकार बदलने से हमें उम्मीद थी, लेकिन नई सरकार भी कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं कर रही है। अब कर्मचारियों के पास हड़ताल के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### पुलिस बोली- बिना अनुमति के प्रदर्शन

प्रोटेस्ट करने वालों को हॉस्पिटल कैंपस के गेट पर रोक दिया गया। पुलिस ने साफ किया कि किसी भी रैली या प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। चल रहे लेजिस्लेटिव सेशन को देखते हुए कर्मचारियों से कहा गया कि वे अपना प्रोटेस्ट वहीं खत्म करें। एक मेमोरेंडम दें और वापस आ जाएं।

# बड़ा तालाब-कैचमेंट एरिया में 10 साल में सैकड़ों नए निर्माण

भोपाल सांसद-कलेक्टर की फटकार के बाद फिर कार्रवाई; टास्क फोर्स रखेगी नजर

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब अतिक्रमण की जकड़ में है। पिछले 10 साल में बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में ही सैकड़ों पक्के निर्माण बन गए। कुछ तो मुनारों से ही सटकर बने हैं। दूसरी ओर, भदभदा की 350 से ज्यादा झुग्गियां ही हटाई जा सकी हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम को एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्राइबल) कई बार फटकार भी लगा चुका है। हाल ही में सांसद आलोक शर्मा ने अफसरों की बैठक भी ली थी और बड़ा तालाब के अतिक्रमण को लेकर जमकर फटकार लगाई थी। इसके बाद जिला प्रशासन एक्टिव हुआ है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स भी बनाई है, जो कार्रवाई पर नजर रखेगी। ऐसे में प्रशासन जल्द ही बड़े स्तर पर कार्रवाई कर सकता है। बुधवार को जिम्मेदार एसडीएम-तहसीलदारों के बीच कार्रवाई को लेकर चर्चा भी हुई।

### अब तक 3 बार सर्वे, ठोस कार्रवाई नहीं

बता दें कि बड़ा तालाब का बीते दस साल में 3 बार सर्वे हो चुका है। इनमें बड़ी संख्या में अतिक्रमण सामने आए, लेकिन सर्वे रिपोर्ट का आज तक पता नहीं है। इस वजह से बैरागढ़, खानूगांव, सूरज नगर, गौरागांव, बिसनखेड़ी समेत कई जगहों पर अतिक्रमण हुए। कई मैरिज गार्डन, फार्म हाउस, स्कूल-कॉलेज, घरों की सीमाएं बड़ा तालाब में हैं।

### 50 मीटर के दायरे में ढेरों अतिक्रमण

एक्सपर्ट राशिद नूर की मानें तो शहरी सीमा में 50 मीटर और ग्रामीण सीमा में 250 मीटर के दायरे में कोई निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन एफटीएल मुनार से सटकर ही पक्के निर्माण बन गए हैं। ऐसे 1 या 2 नहीं, बल्कि सैकड़ों निर्माण हैं। भदभदा, बिसनखेड़ी, गौरागांव, बील गांव और सूरजनगर में बड़ी बिल्डिंग, फार्म हाउस, रिसॉर्ट भी देखने को मिल सकते हैं। हैरत की बात ये है कि बड़ा तालाब रामसर साइट भी है। बावजूद सालों से सिर्फ फाइलों में ही कब्जे हटे हैं। सूरजनगर में तो जिस जगह पर रामसर साइट है और नगर निगम की मुनार लगी है। ठीक उससे जुड़ी बिल्डिंग की बाउंड्रीवॉल है। यही पर नगर निगम की सीवेज लाइन भी बिछाई गई है। मुनार के पास सड़क भी भरी गई है, जो नियम के विरुद्ध है। दूसरी ओर गौरागांव से बील गांव की तरफ सड़क भी तालाब के बीच से ही गुजरी है।





### साल 2016 में डीजीपीएस सर्वे, पर रिपोर्ट सामने नहीं आई

साल 2016 में नगर निगम ने डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) सर्वे कराया था। यह जमीन का सटीक माप करने की तकनीक है, जो जीपीएस की तुलना में ज्यादा जानकारी सामने लाती है। जमीन की सीमा, आकार का सटीक डेटा इकट्ठा करती है। इस सर्वे में बड़ा तालाब का क्षेत्र 38.72 वर्ग किमी बताया गया था, जबकि पहले यह एरिया 32 वर्ग किमी माना जाता था। इसकी रिपोर्ट में तालाब के एफटीएल के को-ऑर्डिनेट्स दर्ज हैं। इन को-ऑर्डिनेट्स के आधार पर धरातल पर भी सीमाएं तय की जा सकती हैं। तालाब की सीमा में आ रही निजी जमीन के मालिकाना हक का भी निर्धारण हो सकता है, लेकिन यह रिपोर्ट निगम की फाइलों में दबकर रह गई। रिपोर्ट का आज तक खुलासा नहीं हो सका।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सर्वे हुआ, रिपोर्ट का पता नहीं

इस साल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सर्वे किया गया। जिला प्रशासन ने मप्र झील संरक्षण प्राधिकरण के साथ मिलकर सर्वे किया, लेकिन इसकी रिपोर्ट का कोई पता नहीं है। ये रिपोर्ट अब तक सामने नहीं आई है। न ही सरकार के किसी दस्तावेज में यह जिक्र आया है कि इस सर्वे का क्या हुआ? एक मोबाइल ऐप पर इसकी रिपोर्ट दर्ज होने की बात कही जाती है। जब तक यह दस्तावेज में नहीं आएगा तब तक धरातल पर सीमांकन नहीं हो सकता। पांच महीने पहले ष्टरूदे चुके निर्देश, सांसद ने कहा-मास्टर प्लान बने बड़ा तालाब को लेकर सरकार तो गंभीर है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है। करीब पांच महीने पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने तालाब के आसपास के अतिक्रमण का नए सिरे से सर्वे करने के निर्देश नगरीय आवास एवं विकास विभाग की बैठक में दिए थे। वहीं, भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने बड़ा तालाब का मास्टर प्लान बनाने की पैरवी की थी। कहा था कि मास्टर प्लान बनने से तालाब को सुरक्षित किया जा सकेगा। बड़ा तालाब के 50 मीटर के दायरे में 1300 से ज्यादा अतिक्रमण सामने आया था।

### मुनारों में भी फर्जीवाड़ा, दो तरह की मुनारे मिले

बड़ा तालाब के किनारों पर भू-माफिया सक्रिय हैं, जो कम दाम पर प्लाट देने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने और लोगों ने इस दायरे को लेकर ही भ्रम की स्थिति भी खड़ी की है। जिन मुनारों से एफटीएल की सीमा तय होती है, उन्हीं में फर्जीवाड़ा किया गया है। मौके पर एफटीएल बताने वाली 5 तरह की मुनारे लगे हुए मिले हैं। इनमें से एक में बीएमसी यानी, भोपाल म्युनसिपल कॉर्पोरेशन लिखा है। बाकी पर सफेद रंग है। लिखा कुछ नहीं है। इन्हीं फर्जी मुनारों के आसपास अतिक्रमण और अवैध निर्माण है।

### 10 साल में सिर्फ 1 बड़ी कार्रवाई, महीनों तक विस्थापन नहीं

करीब दो साल पहले भदभदा झुग्गी बस्ती से कुल 386 घरों को हटाया गया था। एनजीटी ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण की 10 साल में यही बड़ी कार्रवाई थी। इसके बाद प्लान बने, लेकिन जमीन पर नहीं आए।

### 141 मुनारे ही गायब हो गए

इसी साल एनजीटी ने बड़े तालाब का सर्वे करने के निर्देश दिए थे। इसमें 943 में से 802 मुनारे ही मिले थे। इसमें भी 337 मुनारे पानी के भीतर डूबे हुए थे, यानी उन्हें एफटीएल से पहले ही लगाया गया था। 141 मुनारे मौके से गायब थे, लेकिन इसके बाद मुनारे दोबारा लगाने और अतिक्रमण रोकने की कोई ठोस पहल नहीं हुई।

# भोपाल में लैब संचालक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल के कोलार इलाके में रहने वाले एक लैब संचालक ने मंगलवार देर रात घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उनका पत्नी से मामूली विवाद हुआ था। नाराज होकर घर से निकले और देर रात घर लौटे, कब उन्होंने खुदकुशी कर ली पत्नी और बच्चों को पता ही नहीं चला। बुधवार तड़के उठी पत्नी ने पति के शव को देखा, जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से बॉडी को उतारा और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### खाने को लेकर हुआ था पत्नी से विवाद

पुलिस के मुताबिक पुष्पेंद्र दोरे पिता रामलखन दोरे (40) कोलार रोड गिरधर अपार्टमेंट के रहने वाले थे। एक लैब का संचालन करते थे। उनके दो बेटे हैं और दोनों स्कूली छात्र हैं। पुष्पेंद्र ने मंगलवार देर रात को मर्जी का खाना नहीं मिलने की बात पर नाराज हो गए थे।

**घर कब लौटे किसी को भनक तक नहीं लगी:** इस बात को लेकर उनका पत्नी से मामूली विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से चले गए। देर रात को घर लौटे और एक कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार दोपहर को पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

# भोपाल में महिला ने किया प्रेमी का मर्डर

कहा- आए दिन कहीं भी गाली-गलौज करता था, धोखे से बुलाकर दोस्त के साथ मार डाला

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल के बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब के नजदीक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की साजिश मृतक की प्रेमिका ने अपने एक साथी के साथ मिलकर रची थी। आरोपी महिला का कहना है कि युवक से उसके अनैतिक संबंध थे। वह उसके साथ मारपीट करता था और अभद्र व्यवहार करता था। इससे परेशान होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। 25 फरवरी को एसीपी अदिति भावसार ने बताया कि 21 फरवरी को युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान ताराचंद पटेल पिता पुरुषोत्तम सिंह पटेल (46) निवासी फेज-1, शीतल टाउन, मंडीदीप के रूप में हुई।

### परिजनों ने बताए अवैध संबंध

परिजनों ने पूछताछ में बताया कि ताराचंद पटेल के जहांगीराबाद-बरखेड़ी निवासी रानी अहिरवार से पिछले डेढ़ साल से अवैध संबंध थे। रानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि ताराचंद 15 दिन में एक बार उसके घर आकर ठहरता था और समय-समय पर रुपए व घरेलू सामान देता था। महिला के अनुसार, ताराचंद शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज करता था। उसके बीवी-बच्चे भी फोन पर उसे गालियां देते थे। वह उसकी बच्चियों के सामने ही शारीरिक संबंध बनाने की बातें करता था।

### सुनसान जगह ले जाकर की हत्या

महिला ने बताया कि वह ताराचंद से काफी परेशान हो चुकी थी। इसी दौरान उसकी दोस्ती सिक्योरिटी गार्ड कृष्णपाल यादव से हो गई। उसने कृष्णपाल को अपनी परेशानी बताई। दोनों ने योजना बनाई कि वह ताराचंद को मिलने बुलाएगी और सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी जाएगी। योजना के अनुसार ताराचंद को बुलाया गया और बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब के पास झाड़ियों में उसकी हत्या कर दी गई।

भोपाल में पत्थर से मुंह-नाक को कुचला; 38 सेकंड में 12-15 वार, केस वापस नहीं ले रहे थे

# बदमाशों ने युवकों को बेहोश होने तक पीटा

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल के भीम नगर में 6 से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने मंगलवार रात दो युवकों को बेहोश होने तक पीटा। चाकू-छुरी, पत्थर से मुंह-नाक को कुचल दिया। लात-घूंसों से भी मारा। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घायलों में रावेंद्र सेन और सौरभ विश्वकर्मा शामिल हैं। 38 सेकंड के भीतर करीब 12-15 वार किए गए। हमला पुरानी रंजिश के चलते किए गया है। मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### अक्कू गैंग ने की वारदात

पुलिस के मुताबिक, अक्कू उर्फ आकाश और विशाल चपटी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रावेंद्र सेन पर हमला किया। यह हमला एक पुराने केस में समझौता करने से मना करने पर गुस्से में किया गया। राघवेंद्र और उसके साथी को आरोपियों ने जमकर पीटा है।

### दोस्त की ओर से एफआईआर दर्ज की गई

राघवेंद्र के दोस्त सौरभ विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वे हनुमान मंदिर के पास खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी अक्कू, विशाल और उनके साथियों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में राघवेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने की कोशिश में उसे भी गंभीर चोटें आईं।

### इलाके में दबदबा बनाए रखने के लिए हमला

आरोपी अक्कू और विशाल इलाके के जाने-माने क्रिमिनल हैं। उनके डर की वजह से आमतौर पर कोई शिकायत नहीं करता। हालांकि, राघवेंद्र ने उनके खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। बार-बार कहने पर भी राघवेंद्र ने केस वापस नहीं लिया। इसके बाद आरोपियों ने दहशत फैलाने के इरादे से हमला कर दिया। आरोपी दिखाना चाहते थे कि उनके खिलाफ एक्शन लेने वालों का क्या होता है।

### पूर्व विवाद के चलते हमला,

एडिशन डीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि सौरभ और राघवेंद्र का अरोपियों से पूर्व से विवाद है। इसी रंजिश के चलते हमला किया गया है। दो नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# भोपाल में किसान ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

राष्ट्रबाण भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल के ईंटखेड़ी में रहने वाले एक किसान ने मंगलवार रात घर में सल्फास की गोली खा लीं। इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पत्नी से विवाद के चलते आत्महत्या की बात पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आई है। गोलू साहू (28) हुकुचंद साहू रायपुर गांव ईंटखेड़ी का रहने वाला था। वह किसानी करता और मारवाड़ी रोड पर एक कॉस्मेटिक्स शॉप पर काम भी करता था। उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करा रखा था। बीते एक साल से पत्नी अपने मायके में रह रही है। लगातार कॉल पर दूसरे केस में फंसाने की धमकी देती थी।

### बच्चों से नहीं मिलने देती थी पत्नी

गोलू साहू के दो बच्चे हैं। पत्नी गोलू को बच्चों से भी नहीं मिलने देती थी। इस बात को लेकर वह तनाव में रहते थे। मृतक के पिता का आरोप है कि बहू की आए दिन की धमकियों से तंग आकर बेटे ने मंगलवार रात को सल्फास खा लिया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 26 फरवरी 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# सिवनी का मयखाना : आबकारी साहब की मेहरबानी

माफिया की चांदी और जनता पानी-पानी!

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**कहते** हैं जब सैंया भए कोतवाल, तो डर काहे का! सिवनी जिले में आबकारी विभाग का हाल कुछ ऐसा ही है। जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक की नाक के नीचे शहर की सड़कों पर जाम का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। ऐसा लगता है मानो नियमों की फाइलें आबकारी दफ्तर की अलमारी में धूल फांक रही हैं और सड़कों पर मधुशाला का साम्राज्य स्थापित हो गया है।

वहीं विभाग आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ठेकेदारों ने शहर के व्यस्त इलाकों को ओपन बार में तब्दील कर दिया है। दुकानों के बाहर चखना, डिस्पोजल और पानी के पाउच का अवैध बाजार सज रहा है। सवाल यह है कि क्या विभाग की आंखों पर नोटों की पट्टी बंधी है या फिर यह सब साहब के मौन संरक्षण में चल रहा है?

## आम जनता का जीना हुआ मुहाल


राष्ट्रबाण
सिवनी में शराब कारोबार पर सवाल
गिरवर पटेल का संरक्षण, आबकारी विभाग की चुप्पी

राष्ट्रबाण
शराब और गांजा की बिक्री रोकने ग्रामीणों का हल्लाबोल, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
गिरवर पटेल पर अवैध शराब पहुंचाने का आरोप, ग्रामीणों ने दी अंतिम चेतावनी

राष्ट्रबाण
शराब ठेकेदार राकेश साहू का कैसा बोलबाला
प्रशासन को मौन अवस्था में डाला...

राष्ट्रबाण
प्रशासनिक मिलीभगत या अंधा कानून?
आबकारी अधिकारी की नाक के नीचे चल रहा 'खुलेआम जाम' का खेल!

शराबियों के हुड़दंग और सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों ने आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का निकलना दूभर कर दिया है। सड़कों पर पसरा यह तांडव' प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा तमाचा है। वही बड़ा सवाल यह है कि क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? या फिर माफिया और शासन के बीच का यह अपावन गठबंधन इतना मजबूत हो चुका है कि इसे तोड़ने की हिम्मत किसी में नहीं? वही हैरानी की बात है कि लगातार शिकायतों और समाचारों के प्रकाशन के बावजूद विनोद खटीक की चुप्पी टूटने का नाम नहीं ले रही।

### यह चुप्पी कई अनसुलझे सवाल खड़े करती है

क्या यह खामोशी किसी मासिक मोटे कमीशन का हिस्सा है? क्या अब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ चुके हैं? क्या ठेकेदार अब विभाग के दामाद बन चुके हैं जिन्हें कोई नियम छू नहीं सकता? वही यदि अगर वक्त रहते इन अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं कसी गई, तो वह दिन दूर नहीं जब सिवनी की पहचान शिव की नगरी के बजाय शराबनगरी के रूप में होने लगेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन की कुंभकर्णी नींद कब खुलती है।

# लालबर्रा के नरेन्द्र बोपचे की नर्मदा परिक्रमा 108वें दिन में

अब मात्र दो सप्ताह शेष

लालबर्रा | संवाददाता
rashtrabaan.in

**आध्यात्मिक** आस्था, तप और संकल्प की प्रतीक मां नर्मदा परिक्रमा पर निकले ग्राम लोहारा निवासी नरेन्द्र बोपचे की पदयात्रा 23 फरवरी 2026 तक 107 दिन पूर्ण कर चुकी है। अब उनकी लगभग 12 से 14 दिन की यात्रा शेष है और यह दिव्य परिक्रमा ओंकारेश्वर में जाकर पूर्ण होगी। जब उनकी यह परकम्मा पूर्ण होगी तो वे लालबर्रा विकासखंड के ऐसे प्रथम े यक्ति बन जाएंगे जिन्होंने मां नर्मदा की सम्पूर्ण परिक्रमा पैदल की हो।

प्रारंभ में अपने दो परिचितों के साथ ओंकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ करने वाले श्री बोपचे बहुत जल्े द अकेले हो गए, उनके साथी या तो आगे निकल गए या पीछे रह गए। अकेले यात्रा प्रारंभ करने वाले श्री बोपचे को मार्ग में माँ नर्मदा के अनन्य भक्त एवं महायोगी परम पूज्य दादागुरू भगवान का सानिध्य प्राप्त हुआ। जब उन्‍होंने एक स्‍थान पर दादागुरू के दर्शन किए तो दादागुरू के आदेशानुसार वे उनके काफिले 'माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा' के साथ सेवा देने पड़े। गुरु की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए श्री बोपचे निरंतर उनके साथ पदयात्रा कर रहे हैं। सोमवार रात्रि यह काफिला दादाजी धुनीवाले की नगरी साईखेड़ा में ठहरा, जहां श्रद्धालुओं को दादागुरू के दर्शन एवं आशीर्वाद का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंगलवार प्रातः काफिला आगे की ओर प्रस्थान करेगा।

### दादागुरू भगवान का दिव्य तप और प्रेरणादायी संकल्प

परम पूज्य दादागुरू सरकार माँ नर्मदा के अनन्य उपासक माने जाते हैं। बताया जाता है कि वे पिछले पाँच वर्षों से निराहार रहकर केवल माँ नर्मदा का जल ग्रहण कर साधना कर रहे हैं। उनकी यह चौथी नर्मदा परिक्रमा है तथा उनका संकल्प वर्ष 2028 तक आठ बार नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करने का है। अपने प्रतिदिन रात्रिकालीन प्रवचनों में दादागुरू धर्म, धरा, धेनु और प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को आध्यात्मिकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनके दिव्य व्यक्तित्व और तपस्या से प्रभावित होकर मार्ग में अनेक श्रद्धालु काफिले से जुड़ते जा रहे हैं। मार्ग में भी उनका अत्यन्त प्रभावशाली व्यक्तित्व लोगों के सम्मुख दृष्टिगोचर हो रहा है।



### क्या है नर्मदा परिक्रमा का महत्व

नर्मदा परिक्रमा भारत की प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्राओं में से एक है, जिसमें श्रद्धालु नर्मदा नदी के दोनों तटों पर पैदल चलकर लगभग 3600 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण करते हैं। मान्यता है कि गंगा स्नान से जो पुण्य प्राप्त होता है, वह नर्मदा के दर्शन मात्र से मिल जाता है। परिक्रमा पूर्ण करने को मोक्षदायी साधना माना गया है। यह यात्रा घने जंगलों, पहाड़ी मार्गों, रेतीले तटों और कठोर मौसम की चुनौतियों से होकर गुजरती है। इसलिए इसे तप, संयम, धैर्य और आत्मशुद्धि की साधना कहा जाता है।

### सब माई का आशीर्वाद है- बोपचे

श्री बोपचे का कहना है कि 'माँ नर्मदा की कृपा से ही यह यात्रा संभव हो रही है। जब उन्‍होंने अपनी यह परिक्रमा प्रारंभ की थी तो मन आशंकित था कि यह पूर्ण होगी या नहीं परन्‍तु नर्मदा माई की कृपा से किसी भी दिन कोई तकलीफ नहीं हुई। हर दिन एक नया आध्यात्मिक अनुभव दे रहा है। अब जब यात्रा अंतिम चरण में है, मन में केवल कृतज्ञता और शांति का भाव है।' यह पूरी यात्रा श्रद्धा, संकल्प और गुरु-आशीर्वाद का अद्भुत उदाहरण बनती जा रही है। लालबर्रा क्षेत्र के लिए यह गौरव का विषय है कि यहां से एक साधक माँ नर्मदा की गोद में तप और भक्ति की यह महान यात्रा पूर्ण करने जा रहा है।

## कोतवाली पुलिस का शिकंजा

# नौकरी ले लो... ठग चौरसिया बंधू पहुंचे जेल

फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर 3 युवकों से 29 लाख ऐंठने वाले आरोपी जेल भेजे गए

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**बेरोजगार** युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो सगे भाइयों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने फ़ूड कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया (एफसीआई) में नौकरी लगवाने तथा सरकारी विभाग में वाहन लगाने का लालच देकर तीन युवकों से कुल 29,01,030 रुपये ठग लिए थे।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर बेरोजगार युवकों से ठगी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम:** शिकायतकर्ता अभिषेक चौरसिया (निवासी छीतापार, थाना कुरई), अनिल चौरसिया (निवासी मरकावाड़ा, थाना केवलारी) एवं प्रभात नाग्या (निवासी शास्त्री वार्ड, सिवनी) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सुनील शेल्के एवं उसके बड़े भाई रवि शेल्के ने उन्हें एफसीआई में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने 13 फरवरी 2023 से 16 जून 2025 के बीच अलग-अलग किश्तों में फोन-पे, बैंक ट्रांसफर और नगद के माध्यम से कुल 29,01,030 रुपये अपने खातों में जमा कराए। इतना ही नहीं, उन्होंने कूटरचित तरीके से फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर पीड़ितों को सौंप दिए।




### मामला दर्ज, दोनों आरोपी गिरफ्तार

जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर 22 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली सिवनी में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील शेल्के (50 वर्ष) को 22 फरवरी 2026 तथा उसके भाई रवि शेल्के (62 वर्ष) को 23 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आरोपियों से विवो कंपनी का मोबाइल फोन, जियो कंपनी की सिम, फर्जी नियुक्ति पत्र, बैंक डिटेल एवं अन्य दस्तावेज जप्त किये गए।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि दिनेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक नवीन तिवारी, मुकेश गोडाने, मनोज मरावी, आरक्षक प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, मुकेश चौरिया, सौरभ ठाकुर, लोकेश सरयाम, विसराम धुर्वे एवं इरफान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजस्व वसूली तेज करने विशेष शिविर आयोजित

छिंदवाड़ा | संवाददाता
rashtrabaan.in

नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा नगरीय निकायों में कर एवं अन्य राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के उपरांत वसूली में तेजी लाने हेतु समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषदों को बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा तय समय सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा विभिन्न वार्डों में शेष कर वसूली के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में नागरिकों ने अपने बकाया संपत्ति कर एवं अन्य देयों का भुगतान कर सक्रिय सहभागिता दिखाई। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं को कर जमा करने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई, जिससे वसूली प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 15,22,80,900 रुपये की संपत्ति कर वसूली की जा चुकी है। वहीं आज आयोजित शिविरों में 14,56,932 रुपये की संपत्ति कर वसूली दर्ज की गई। जलकर मद में 2,31,091 रुपये की वसूली हुई।

# सांसद बंटी विवेक साहू भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बने

छिंदवाड़ा | संवाददाता
rashtrabaan.in

वैश्विक परिवेश में भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दृढ़ संकल्पित है। इसी दिशा में आर्थिक, सामरिक, सांस्कृतिक संबंधों को मित्र देशों के साथ साझा करने के उद्येश्य से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सक्रिय, लोकप्रिय और युवा सांसद बंटी विवेक साहू को एक ओर अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें भारत नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति छिंदवाड़ा के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद बंटी विवेक साहू को लोकसभा की दो प्रमुख समिति कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन एवं कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति में पहले ही बतौर सदस्य की जिम्मेदारी दे रखी है, जिसे सांसद बंटी विवेक साहू बाखूबी निभा रहे है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उन्हें वर्तमान में असम विधानसभा चुनाव की भी अहम जिम्मेदारी दी है। इसके पूर्व सांसद बंटी विवेक साहू को ग्वालियर में भाजपा संगठन के चुनाव की भी जिम्मेदारी दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा दी जा रही जिम्मेदारियां सांसद बंटी विवेक साहू लगातार निभाते आ रहे है। अब भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह में भी सांसद श्री साहू को बतौर सदस्य जिम्मेदारी मिली है।

सांसद बंटी विवेक साहू भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य नियुक्त किए गए है। यह समूह भारत और नाइजीरिया के बीच बेहतर संबंधों को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की संसदों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फरवरी 2026 में 64 देशों के साथ इन समूहों का गठन किया है, जिसमें एम. थम्बीदुरै को नाइजीरिया समूह का प्रमुख नियुक्त किया गया है। भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के कई महत्वपूर्ण कार्य है। जिसमें प्रमुख रूप से संसदीय कूटनीतिः पारंपरिक सरकारी कूटनीति के पूरक के रूप में 'सांसद-से-सांसद' सीधे संवाद को बढ़ावा देना। अनुभवों का साझाकरणः दोनों देशों के सांसद अपनी विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय प्रथाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चर्चा और अनुभव साझा करते हैं।

# 39 गौवंश मुक्त, फरार तस्कर गिरफ्तार, ट्रक समेत लाखों की संपत्ति जब्त

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

कोतवाली पुलिस ने गौवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पहले 39 गौवंश को मुक्त कराया और अब मामले में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक सहित लाखों रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर गौवंश तस्करी और अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

**फरार आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी**

विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश कर मो. साजिद खान (40 वर्ष) निवासी संजय वार्ड, सिवनी, महेन्द्र बारापाले (34 वर्ष) निवासी विनोबा भावे नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) को 21 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में एक अन्य फरार आरोपी समद खान की तलाश जारी है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक एमपी 09 एचजी 3058 (कीमत लगभग 10,00,000), 39 गौवंश (कीमत लगभग 4,60,000) जप्त किया।



### 1 फरवरी को 39 गौवंश कराए गए थे मुक्त

दिनांक 01 फरवरी 2026 की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कंटेनर ट्रक में गौवंश को क्रूरता पूर्वक भरकर नागपुर स्थित कत्लखाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर ग्राम सिमरिया पुलिया के पास नाकाबंदी की गई। संदिग्ध ट्रक (क्रमांक स्‍09 ।ल3058) का पीछा करने पर चालक व उसके साथी एक गौवंश को सड़क किनारे छोड़कर ट्रक को तेज गति से भगाते हुए नरेला-पुसैरा-अमरवाड़ा रोड की ओर भागे। पुलिस ने लखनवाड़ा एवं लौरई थाना स्टाफ की मदद से ग्राम समसवाड़ा (थाना लौरई) के पास ट्रक को घेर लिया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर फरार हो गए। ट्रक की तलाशी लेने पर कुल 38 गौवंश अंदर रस्सियों से गर्दन, मुंह व पैरों में निर्दयतापूर्वक बंधे मिले। एक गौवंश पहले ही रास्ते में छोड़ा गया था। इस प्रकार कुल 39 गौवंश को मुक्त कर ट्रक सहित जब्त किया गया।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग

संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध

संपर्क- बैनगंगा कॉम्पलेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायलयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433